
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 196 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, रविवार, 7 नवंबर 2021

**विचार-प्रवाह...**सस्ती ब्याज दरों का असर





मौसम | अधिकतम 24.0° | न्यूनतम 14.0° | 39241.41

2 राहत का लॉलीपॉप दे रहे इमरान

7 पाकिस्तानी फैंस पर भड़के हरभजन सिंह

# शीतकाल के लिए बंद हुए केदार धाम

## पंचमुखी विग्रह मूर्ति शीतकालीन गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में होगी विराजमान

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम के कपाट भैया दूज के अवसर पर सुबह आठ बजे शीतकाल के लिए बंद हो गए हैं। सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों के साथ कपाट बंद होने के बाद पंचमुखी विग्रह मूर्ति विभिन्न पड़ावों से होते हुए शीतकालीन गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में विराजमान होगी। अगले छह माह भोले बाबा के दर्शन यहीं होंगे।

ग्याहरवें ज्योर्तिलिंग भगवान केदारनाथ मंदिर के कपाट आज भैया दूज पर पूजा-प्रक्रिया के बाद विधि-विधान से बंद कर दिए गए हैं। सुबह छह बजे पुजारी बागेश लिंग ने केदारनाथ धाम के दिगपाल भगवान भैरवनाथ का आह्वान कर धर्माचार्यों की उपस्थिति में स्यंभू शिवलिंग को विभूति और शुष्क फूलों से ढककर समाधि रूप में विराजमान किया। ठीक सुबह आठ बजे मुख्य द्वार के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिये गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने।

बर्फ की सफेद चादर ओढ़े केदारनाथ धाम से पंच मुखी डोली ने सेना के बैंड-बाजों की भक्तमय धुनों के बीच मंदिर की परिक्रमा कर विभिन्न पड़ावों से होते हुए शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के लिए प्रस्थान किया। केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने के अवसर पर चारधाम देवस्थानम बोर्ड के सदस्य श्रीनिवास पोस्ती और आशुतोष डिमरी, देवस्थानम बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविनाथ रमन, जिलाधिकारी मनुज गोयल, देवस्थानम बोर्ड के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीडी सिंह, पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल, उप जिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा, केदार सभा अध्यक्ष विनोद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### गंगोत्री के धाम पहले ही हो चुके हैं बंद

इससे पहले शुक्रवार को अन्नकूट पर्व पर दोपहर 11 बजकर 45 मिनट पर गंगोत्री धाम के कपाट बंद कर दिए गए थे। मां गंगा की डोली जयकारों के साथ मुखवा के लिए रवाना हुई। कपाट बंद होने के बाद से ही देश-विदेश के श्रद्धालु मां गंगा के दर्शन उनके शीतकालीन प्रवास मुखीमठ (मुखवा) में ही कर सकेंगे।



### भगवान केदारनाथ की डोली ने किया रामपुर के लिए प्रस्थान

सात नवंबर को बाबा केदारनाथ की डोली विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी प्रवास के लिए पहुंचेगी। आठ नवंबर को भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली के पंच केदार गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर में विराजमान हो जाएगी। इसी के साथ भगवान बाबा केदारनाथ की शीतकालीन पूजा शुरू होगी।

### शीतकाल के लिए बंद हुए विश्व प्रसिद्ध यमुनोत्री धाम के कपाट

उत्तरकाशी। विश्व प्रसिद्ध यमुनोत्री धाम के कपाट भाई दूज के पावन पर्व पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। यमुना की डोली के मंदिर से बाहर निकलते ही जयकारों से यमुनोत्री धाम का पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा, जिसके बाद शनिदेव की अगुआई में पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ यमुना की डोली शीतकालीन प्रवास खरसाली के लिए रवाना हुई। अब मां यहीं दर्शन देंगी। इससे पहले सुबह आठ बजे केदारनाथ धाम के कपाट विधि-विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद किए गए। भाई दूज पर यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया के तहत सुबह से ही पूजा-अर्चना शुरू हो गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### अनिल देशमुख को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। मुंबई कोर्ट ने शनिवार को मनी लाड्रिंग के मामले में महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उन्हें एक नवंबर को मनी लाड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले उन्हें मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। देशमुख 6 नवंबर तक ईडी की हिरासत में है। ईडी देशमुख के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले की जांच कर रही है।

### देश में कोविड-19 के 10,929 नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में शनिवार को कोविड-19 के 10,929 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,43,44,683 हो गई। वहीं, संक्रमण से 392 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,60,265 हो गई। देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,46,950 हो गई।

# शासन ने प्राथमिक शिक्षक संघ निर्वाचन संयोजक मंडल किया भंग

## प्राथमिक शिक्षक संघ चुनाव की समस्त प्रक्रिया भी निरस्त

### चुनाव को लेकर खिंची तलवारें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। शासन ने उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के चुनावों के लिए गठित निर्वाचन संयोजक मंडल को भंग कर दिया है। जिससे प्राथमिक शिक्षक संघ चुनाव की समस्त प्रक्रिया भी निरस्त हो गई है। शनिवार को प्राथमिक शिक्षा के निदेशक आके उनियाल ने इस आशय का पत्र जारी किया।

बताया कि इसी महीने प्रांतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के चुनाव की तिथियां निर्धारित थी, लेकिन चुनाव आयोजित करवाने को लेकर संघ के विभिन्न पदाधिकारियों एवं सदस्यों की ओर से आपत्ति जताई गई। चुनाव के लिए सदस्य एक मत न होने के कारण वर्तमान निर्वाचन प्रक्रिया की कार्यवाही को अग्रिम आदेश तक स्थगित किया गया है। इस संबंध में उच्चाधिकारियों व प्रांतीय शिक्षक संघ को अवगत करवा दिया गया है।

उधर, प्रांतीय शिक्षक संघ के चुनाव प्रक्रिया रद किए जाने के कारण उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ और उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन के बीच तलवारें खिंच गई हैं। दोनों संगठन समानान्तर रूप से कार्य कर रहे हैं और दूसरे के धुर विरोधी हैं। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौहान व महामंत्री नंदन सिंह रावत ने निर्वाचन संयोजक मंडल को प्रारंभिक शिक्षा निदेशक ने भंग का दिया है।

साथ ही वर्ष 2018 की विवादित सूची पर की जा रही संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है अब संगठन के चुनाव पंजीकृत बाइलाज के नियमों के अनुसार होंगे। इसलिए सदस्य बनाने की प्रक्रिया को शीघ्र आरंभ कर दिया जाए।

### तीन सदस्यीय सिट का गठन

धर्मेंद्र सिंह रावत (मुख्य संयोजक, प्रांतीय निर्वाचन समिति) का कहना है कि उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष, मंत्री, संयोजक व सदस्य निर्धारित 13 नवंबर को प्रस्तावित बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम स्थल की सूचना अलग से दी जा रही है। उच्च न्यायालय नैनीताल की ओर से पारित प्रांतीय निर्वाचन 2018 अमान्य होने के चलते सदस्यों की मांग पर यह बैठक बुलाई गई है।

# आर्यन ड्रग्स केस में एसआईटी का एक्शन शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आर्यन खान ड्रग्स मामले की जांच नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की केंद्रीय टीम कर रही है। एनसीबी के उप महानिदेशक संजय सिंह के नेतृत्व में नवगठित विशेष जांच दल (एसआइटी) ने शनिवार को आर्यन खान सहित छह मामलों की जांच शुरू कर दी है। संजय सिंह 1996 बैच के आइपीएस अधिकारी है। वह उन सभी छह मामलों की जांच का जिम्मा संभाल रहे हैं, जो पहले क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े के नेतृत्व में थे। संजय कुमार का कहा कि हमने 6 मामलों को अपने हाथ में ले लिया है और हम इसमें मुंबई के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े की सहायता भी लेंगे।

एएनआइ से फोन पर बात करते हुए एनसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि समीर वानखेड़े जोनल डायरेक्टर रैंक के एक अधिकारी हैं जो एक उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के रैंक के बराबर हैं। ऐसे वरिष्ठ अधिकारी किसी भी मामले के जांच अधिकारी नहीं बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र की किसी भी जांच की निगरानी करते हैं। इसलिए यह कहना निराधार है कि समीर वानखेड़े इन 6 मामलों की जांच करना बंद कर देंगे। एनसीबी ने शुक्रवार को ड्रग्स मामले की जांच से समीर वानखेडे को हटाकर संजय सिंह की अध्यक्षता में एक एसआइटी का गठन किया था। शुक्रवार को जारी एनसीबी के बयान में कहा गया है कि एनसीबी मुख्यालय की संचालन शाखा के अधिकारियों की एक एसआईटी का गठन किया गया है। वानखेड़े के नेतृत्व में ही एनसीबी की टीम ने मुंबई से गोवा जा रहे क्रूज पर छापा मार कर अभिनेता शाह रुख खान के बेटे आर्यन खान को गिरफ्तार किया था। बयान में यह भी कहा गया है कि किसी भी अधिकारी को उनकी वर्तमान भूमिकाओं से नहीं हटाया गया।

### जांच

■समीर वानखेड़े भी करेंगे मदद


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आगामी पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा के चुनावों की आहट के बीच रविवार को यहां भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होने जा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में होनी वाली इस बैठक की शुरुआत उनके अध्यक्षीय भाषण से होगी जबकि इसका समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन से होगा। कोविड प्रोटोकाल को ध्यान रखते हुए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (छक्डब) के कन्वेंशन सेंटर में होने जा रही इस बैठक के बारे में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने विस्तार से जानकारी दी।

भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पांच राज्यों- उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा होगी। विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अन्य सदस्य प्रदेशों के कार्यालय में बैठकर इस बैठक से वर्चुअली जुड़ेंगे।

### अगामी विधानसभा चुनावों को लेकर मंथन